प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने उपग्रह प्रक्षेपण के माध्यम से लगभग 14 करोड 30 लाख अमरीकी डॉलर के विदेशी राजस्व का सृजन किया है। अंतरिक्ष विभाग ने कहा है कि पिछले दस वर्षो में इसरो ने कुल तीन सौ 93 विदेशी और तीन भारतीय उपग्रहों का प्रक्षेपण किया। जनवरी 2015 और दिसम्बर 2024 के बीच यह सभी उपग्रह इसरो के पीएसएलवी, एलवीएम 3 और एसएसएलवी प्रक्षेपण वाहनों से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए गए। इसरो ने अमरीका, ब्रिटेन, सिंगापुर और अनेक विकसित देशों सहित 34 देशों के उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं।

00000

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है। यह दिवस प्रति वर्ष 15 मार्च को उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों को बढ़ावा देने और उन्हें संरक्षित करने के लिए मनाया जाता है। सतत जीवन शैली के लिए न्यायोचित परिवर्तन थीम पर इस साल ये दिन मनाया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों का विभाग, जागो ग्राहक जागो के माध्यम से, कई जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है। इस मौके पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम रखे गये है। पाली में आज से उपभोक्ता जागृति सप्ताह की शुरूआत हुई। इस दौरान कई गतिविधियां रखी गई है। अजमेर में रसद विभाग की ओर से उपभोक्ता संरक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया गया हैं।

00000

जयपुर में आज से शक्ति वंदन कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। नगर निगम ग्रेटर की ओर से तीन दिन का यह उत्सव जवाहर कला केन्द्र में होगा। ये आयोजन महिलाओं को समर्पित होगा। इसे सशक्त नारी, समृद्ध समाज थीम पर रखा गया है। इस दौरान स्वच्छता योद्धाओं की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर की निशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी। महिलाओं और बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर भी होंगे। इसके साथ ही महिलाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संवाद सत्र रखे गए है, जिनमें विशेषज्ञ अपनी राय साझा करेंगे। वहीं, आत्मनिर्भरता की दिशा में एक कदम' थीम पर 300 स्टॉल्स भी लगाइ गई है। इनके माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

0000

पुलिसकर्मी आज होली मना रहे हैं। होली के उपलक्ष्य में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा मुस्तैदी से संभालने के बाद पुलिस थानों और चौकियों में आज धुलंडी पर्व की रौनक नजर आ रही है। बालोतरा, भीलवाडा, सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ़ सहित अन्य स्थानों पर पुलिसकर्मी गीत संगीत की धुनों के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मना रहे है।

00000

जैसलमेर को जल्द ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने जा रही है। यहां रामगढ बाईपास के पास बन रहे मेडिकल कॉलेज का काम अब अंतिम चरण में है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि कॉलेज के पूरा होने से शिक्षण कार्य भी इस सत्र में शुरू हो जायेगा। साथ ही लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी।

0000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई शहरों में बारिश का दौर कल भी जारी रहा। हनुमानगढ, झुंझुनूं, सीकर, अलवर और करौली जिले में कहीं कहीं ओले भी गिरे। पिछले 24 घंटे में जयपुर, दौसा, श्रीगंगानगर, चूरू और बीकानेर सहित कई जिलों में दोपहर बाद मौसम बदला। भरतपुर सहित विभिन्न स्थानों पर तेज आंधी के साथ बरसात हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार बारिश के असर से दिन के तापमान में पांच डिग्री सैल्सियस तक की गिरावट आई है।

आज भी कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। आज अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में गरज के साथ बरसात होने का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं तेज रफ्तार हवाएं चलने की भी संभावना है। भरतपुर में ओलावृष्टि के आसार है।

00000